डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

## साहित्य अकादेमी द्वारा कवि संधि कार्यक्रम आयोजित
## कविता का स्पेस, मनुष्यता का स्पेस है – नरेंद्र मोहन

नई दिल्ली। 12 जुलाई 2019; साहित्य अकादेमी द्वारा आज अपने प्रतिष्ठित कार्यक्रम कवि संधि में प्रख्यात कवि एवं नाटककार नरेंद्र मोहन को आमंत्रित किया गया था। कविता–पाठ से पहले अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि आज कविता हाशिए पर है और उसका स्पेस निरंतर छूटता जा रहा है। मेरे लिए कविता का स्पेस, मनुष्यता का स्पेस है और नए–नए प्रयोगो के साथ जीने का ढंग है। कविता के साथ में मुझे जिलाए रखा है। मैं काव्य भाषा को लेकर अभी अभी नए–नए प्रयोग करता रहता हूँ।

कार्यक्रम का आरंभ उन्होंने विभाजन संबंधी तीन कविताओं से किया। इस संदर्भ में उन्होंने श्रोताओं को बताया कि वे लाहौर में 12 साल रहे और उनकी कविताओं में यह दर्द अनायास आता जाता रहता है। उन्होंने इस शृंखला की – 'वह घर', 'दिल्ली में लाहौर, लाहौर में दिल्ली', मैं ही मरा हूँ आस–पास' कविताएँ प्रस्तुत कीं। इसके बाद उन्होंने 'शब्द', प्रेम, 'उसके चले जाने के बाद' एवं पेंटिंग्स पर आधारित कविता शृंखलाओं की कई कविताएँ प्रस्तुत कीं। 'नाच और कठपुतली शृंखला की कविताएँ भी श्रोताओं को बेहद पसंद आईं। कार्यक्रम में सत्यव्रत शास्त्री, कुसुम अंसल, सौमित्र मोहन, मोहनदास नैमिषराय, डॉ. सादिक, श्याम सिंह शशि, बी.एल. गौड़, कमल कुमार, डी.के. बहल, सुरेश शर्मा, लक्ष्मीशंकर वाजपेयी, ब्रजेंद्र त्रिपाठी एवं प्रताप सिंह आदि कवि एवं लेखक उपस्थित थें। नरेंद्र मोहन के कविता पाठ के बाद उपस्थित श्रोताओं के साथ संवाद सत्र के अंतर्गत उनसे उनकी रचना प्रक्रिया को लेकर कई सवाल भी पूछे गए जिनके उन्होंने समूचित जवाब प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन हिंदी संपादक अनुपम तिवारी ने किया।

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in